प्रेषक,

रजिस्टर्ड | मा—7

क्षेत्रीय सचिव,
माध्यमिक शिक्षा परिषद्
उत्तर प्रदेश,
क्षेत्रीय कार्यालय बरेली ।

सेवा में,
प्रबन्धक,
मिशन इंगलिश स्कूल
बदायूँ

पत्र संख्या मा० शि० प०/मान्यता/ब०/6694-99 बरेली, दिनांक 28/3/ 2000

विषय :— आपका हाई स्कूल/~~इन्टरमीडिएट~~ परीक्षा के लिए नवीन ~~अतिरिक्त~~ (वर्ग/विषय) की मान्यता का प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

शासन ने ~~मान्यता समिति एवं सभापति माध्यमिक शिक्षा परिषद् की संस्तुति के उपरान्त~~ इन्टरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा ~~7-क-(ख)~~/9(4) के अन्तर्गत आपके विद्यालय के बालक/~~बालिका~~ विद्यालय के रूप में परिषद की 2001 की हाई स्कूल/~~इन्टरमीडिएट~~ परीक्षा से निम्नलिखित वर्ग/विषयों में सामान्य व विशेष प्रतिबन्धों के साथ नवीन/~~अतिरिक्त~~ वर्ग/विषयों वित्त विहीन में मान्यता दिये जाने का आदेश प्रदान किया है।

## सामान्य प्रतिबन्ध

(1) इस पत्र में अंकित वर्ग/विषय की नवीन 9वीं/~~11वीं~~ कक्षा संचालित करने के पूर्व शिक्षा के प्रबन्ध से (जैसे अध्यापकगण, सज्जा, शिक्षण-सामग्री, प्रयोगशाला, भवन, पुस्तकालय, स्थान, प्राभूत, सुरक्षित कोष एवं आर्थिक स्थिति और अन्य प्रतिबन्धों की पूर्ति) तथा विद्यालय के अनुशासन व प्रशासन से जिला विद्यालय निरीक्षक/~~मण्डलीय बालिका विद्यालय निरीक्षिका~~ को पूर्ण रूपेण संतुष्ट कर उनसे लिखित अनुमति प्राप्त कर ली जाय। बिना उनकी लिखित अनुमति के संचालित कक्षा अमान्य व अनियमित होगी और इसके लिए संस्थाधिकारी ही स्वयमेव उत्तरदायी होंगे।

(2) इस आदेश-पत्र के निर्गत होने की तिथि से दो वर्ष के अन्दर ही जिला विद्यालय निरीक्षक/~~मंडलीयबालिका विद्यालय निरीक्षिका~~ से 9वीं/~~11वीं~~ कक्षा संचालित करने की अनुमति प्राप्त कर ली जाय।

(3) सज्जा की व्यवस्था शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार की जाय। इसके लिए सिंगिल सीटेड डेस्क व चेयर्स ही स्वीकार किये जायेंगे।

(4) इस पत्र में अंकित विषयों के अध्यापनार्थ परिषद् द्वारा निर्धारित न्यूनतम योग्यताओं से विभाजित आकस्मिक अध्यापकों/~~अध्यापिकाओं~~ की नियुक्ति नियमानुसार की जाय तथा अप्रशिक्षित अध्यापकों/~~अध्यापिकाओं~~ के स्थान पर प्रशिक्षित एवं योग्य अध्यापकों/~~अध्यापिकाओं~~ की नियुक्ति की जाय।

(5) नियमानुसार एक योग्य प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या की नियुक्ति की जाय।

(6) नवीन कक्षाएं संचालित करने का समस्त व्यय संस्थाधिकारी स्वयमेव वहन करें।

MISSION ENGLISH HIGH SCHOOL
School code 1087
PRINCIPAL
Est. 1975
USAWA ROAD CIVIL LINES BUDAUN